# चंदेरी में आज से तीन दिवसीय बैजू बावरा संगीत समारोह शुरू



जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले के ऐतिहासिक नगर चंदेरी में महान संगीतज्ञ बैजू बावरा की स्मृति में 15 से 17 मार्च तक तीन दिवसीय बैजू बावरा संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा।


जिला प्रशासन और उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी के सहयोग से आयोजित इस प्रतिष्ठित समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि समारोह के पहले दिन 15 मार्च को शाम 7 बजे मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार का अलंकरण समारोह आयोजित होगा। इसमें मूर्तिकला और चित्रकला की विभिन्न विधाओं के लिए कुल 10 कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही चयनित 80 कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग के ललित कला महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं तीनों दिन चंदेरी के ऐतिहासिक स्थलों का सजीव चित्रांकन भी करेंगे।

पहले दिन पूर्वरंग के अंतर्गत भोपाल की दीपिका पुरोहित द्वारा बुंदेली भजन गायन प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके बाद प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा मुंबई से सूफी और भजन गायन की प्रस्तुति देंगे।

समारोह के दूसरे दिन 16 मार्च को अफजल हुसैन का ध्रुपद गायन, डॉ. निखिल बड़ोदिया का सितार वादन, संघमित्रा तायवाड़े का कथक समूह नृत्य और बलवंत पुराणिक का कांच वाद्य वादन होगा। अंतिम दिन 17 मार्च को उल्हास तैलंग का गायन, फारुख लतीफ खां का सारंगी वादन, शिप्रा सुल्लेरे का शास्त्रीय गायन और आरती श्रीवास्तव का कथक समूह नृत्य आयोजित किया जाएगा।

# बढ़ने लगी गर्मी की तपिश, कई शहरों में पारा 40°C के करीब





## कई जिलों में बारिश की संभावना, पश्चिमी विक्षोभ से बदलेगा मौसम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश में मार्च के दूसरे सप्ताह में ही गर्मी ने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के कई जिलों में तापमान लगातार बढ़ रहा है और कई स्थानों पर लू जैसे हालात बनने लगे हैं। शुक्रवार को नर्मदापुरम प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार पिछले दो दिनों से प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच रहा है। भोपाल में अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री, इंदौर में 37.6 डिग्री, जबलपुर में 37.5 डिग्री, उज्जैन में 37.4 डिग्री और ग्वालियर में 36.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इसके अलावा रतलाम, मंडला, धार, खजुराहो, दमोह और खरगोन सहित कई जिलों में भी तापमान 38 से 39 डिग्री के बीच रहा।

मौसम विभाग का कहना है कि 14 मार्च से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके प्रभाव से 15 से 17 मार्च के बीच प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इन क्षेत्रों में हल्की बारिश और गरज-चमक की संभावना जताई गई है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 15 मार्च को ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी और अनूपपुर में बारिश हो सकती है। वहीं 16 मार्च को रीवा, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, सिवनी, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा सहित कई जिलों में बादल छाने और बारिश की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जिन क्षेत्रों में बारिश होगी वहां तापमान में हल्की गिरावट आ सकती है, जबकि बाकी हिस्सों में गर्मी का असर फिलहाल बना रह सकता है।

# आधुनिक तकनीक से सटीक हुआ कृषि प्रबंधनः डॉ. यादव



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक से जोड़कर फसल प्रबंधन को अधिक सटीक, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा रहा है। राज्य सरकार की 'सारा' और 'उन्नति' एग्री-जीआईएस प्रणाली के माध्यम से सैटेलाइट चित्रों, ड्रोन सर्वेक्षण और खेतों की वास्तविक तस्वीरों का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा मशीन लर्निंग से विश्लेषण किया जा रहा है। इससे फसल निगरानी और उत्पादन के आंकलन को वैज्ञानिक आधार मिला है और किसानों को योजनाओं का लाभ अधिक पारदर्शी और समय पर मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 'उन्नति' प्लेटफॉर्म और 'सारा' एप्लिकेशन के जरिए क्रॉप मैपिंग और फसल गिरदावरी की प्रक्रिया को आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है। डीप लर्निंग तकनीक के माध्यम से 'सारा' ऐप से प्राप्त लाखों तस्वीरों का विश्लेषण कर खेत स्तर पर बोई गई फसलों के प्रकार का सत्यापन किया जा रहा है, जिससे वास्तविक स्थिति का सटीक आकलन संभव हो रहा है।

उन्होंने कहा कि उपग्रह चित्रों और रैंडम फॉरेस्ट मॉडल की मदद से खसरा स्तर पर फसलों की पहचान की जा रही है। साथ ही 'पटवारी हल्का' स्तर पर फसल उत्पादन का पूर्वानुमान भी लगाया जा रहा है। इससे कृषि योजना, खाद्यान्न खरीद और फसल बीमा प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिल रही है।

राज्य में वर्ष 2022 में फसल पहचान की सटीकता 66 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2025 तक बढ़कर लगभग 85 प्रतिशत हो गई है। हाल के रबी और खरीफ सीजन में 5 करोड़ से अधिक खेतों की तस्वीरों का विश्लेषण कर 3 करोड़ से अधिक भूमि खंडों में फसलों की डिजिटल मैपिंग की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल कृषि व्यवस्था को तकनीक आधारित और भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# सीआईएमएस में विश्वस्तरीय रेडिएशन मशीन का लोकार्पण 16 मार्च को



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कैरियर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (सीआईएमएस), भोपाल में विश्वस्तरीय रेडिएशन मशीन 'एलेक्टा हार्मनी (स्वीडन)' के लोकार्पण समारोह का आयोजन 16 मार्च को किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल उपस्थित रहेंगे।

यह लोकार्पण समारोह कैरियर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज परिसर में सुबह 10:00 बजे आयोजित होगा। संस्थान के अनुसार एलेक्टा हार्मनी अत्याधुनिक तकनीक से लैस रेडिएशन मशीन है, जो कैंसर उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और मरीजों को बेहतर तथा सटीक उपचार उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी।

कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, चिकित्सकों, शिक्षाविदों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहने की संभावना है। इस आयोजन के माध्यम से भोपाल सहित प्रदेश के कैंसर रोगियों को उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के लिए कैरियर ग्रुप के चेयरमैन मनीष राजौरिया तथा सीआईएमएस के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. वीके गुप्ता ने गणमान्य अतिथियों और नागरिकों को आमंत्रित किया है।

## वन नेशन, वन हेल्पलाइन से मजबूत महिला-बाल सुरक्षा तंत्र

**भोपालः** मध्यप्रदेश में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में महिला सुरक्षा और बाल संरक्षण के लिए तकनीक आधारित सहायता तंत्र को मजबूत किया गया है। डॉ. यादव ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति तब संभव है जब महिलाओं और बेटियों को सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर मिलें। सरकार महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने प्रयास कर रही है। महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर, जागरूकता और त्वरित सहायता तंत्र को मजबूत किया जा रहा है।

# भोपाल में गैंगवारः हिस्ट्रीशीटर लल्लू रईस के घर फायरिंग

## बेटे को लगी गोली, हमीदिया अस्पताल में भी चली गोलियां

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश की राजधानी में शनिवार तड़के गैंगवार का सनसनीखेज मामला सामने आया। अशोका गार्डन के शंकर गार्डन इलाके में कुख्यात हिस्ट्रीशीटर लल्लू रईस के घर पर करीब 8 से 10 बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

पुलिस के अनुसार इस हमले में लल्लू रईस के बेटे इमरान के पैर में गोली लग गई। घायल इमरान को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बदमाश वहां भी पहुंच गए और इमरजेंसी गेट के पास फायरिंग कर दी। घटना शनिवार सुबह करीब 5:45 बजे की बताई जा रही है। हमलावर शादाब गेट गिरोह से जुड़े बताए जा रहे हैं, जो इमरान का पीछा करते हुए उसके घर तक पहुंच गए थे। घर के बाहर पहुंचते ही बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दीं। जान बचाने के लिए इमरान तुरंत घर के अंदर घुस गया और गेट बंद कर लिया, लेकिन इसी दौरान चली एक गोली उसके पैर में लग गई। इमरान को परिजन तुरंत हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां भी बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इस दौरान चली गोलियां अस्पताल की खिड़कियों और दीवारों पर जा लगीं, जिससे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद मौके से कारतूस के खाली खोखे भी मिले हैं। हालांकि इस फायरिंग में किसी अन्य व्यक्ति के घायल होने की खबर नहीं है।





### दो साल पुरानी है रंजिश

लल्लू रईस के मुताबिक यह हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया है। करीब दो साल पहले इमरान ने शादाब गेट के भाई पर हमला किया था, जिसमें उसकी उंगलियां कट गई थीं। उसी घटना का बदला लेने के लिए यह हमला किया गया।

### जुआ-सट्टे को लेकर था विवाद

लल्लू रईस का दावा है कि शहर के कुछ बदमाश अलग-अलग इलाकों में अवैध जुआ और सट्टे का कारोबार चलाते हैं। वह इन गतिविधियों के वीडियो बनाकर पुलिस को देते हैं, जिसके कारण कई बार कार्रवाई हुई और उनका कारोबार बंद हुआ। इसी वजह से आरोपी गिरोह उनसे रंजिश रखता है और उन्हें जान से मारने की कोशिश कर रहा है।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना अशोका गार्डन और कोहेफिजा थाना क्षेत्र से जुड़ी बताई जा रही है। सूचना मिलते ही दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। एसीपी अनिल बाजपेयी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। हमीदिया अस्पताल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार हमीदिया अस्पताल में की गई ताबड़तोड़ फायरिंग से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल हो गया था, मरीज व उनके परिजन दहशत में थे।

# चारा और भूसे के अवैध परिवहन के विरूद्ध प्रशासन की कार्रवाई, चार ट्रक जब्त

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश के मंदसौर जिले में पशुओं के लिए चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई करते हुए चारा और भूसे के अवैध परिवहन में लिप्त चार ट्रकों को जब्त किया है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती अदिति गर्ग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में पशुओं के आहार में उपयोग होने वाले चारा, भूसा, घास, ज्वार सहित अन्य सामग्री को ईंट भट्टों और फैक्ट्रियों में जलाने तथा जिले की सीमा से बाहर ले जाने पर 31 मई तक प्रतिबंध लगाया गया है।

मंदसौर एसडीएम ग्रामीण शुभम पाटीदार ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी दौरान भावगढ़ से दलौदा मार्ग पर कार्रवाई करते हुए चार ट्रकों को पकड़ा गया, जो पशु चारा और भूसे से ओवरलोड होकर जिले की सीमा से बाहर जावरा की ओर ले जाए जा रहे थे।



सूचना मिलने पर तहसीलदार दलौदा ने पटवारी दल के साथ मौके पर पहुंचकर चार ट्रक को जब्त कर लिया। सभी वाहनों को थाना भावगढ़ की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।

# शनिदेव मंदिर में विदेशी पर्यटकों ने की पूजा-अर्चना

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अशोकनगर जिले की ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में शनिवार को जमैका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से आए पर्यटकों का एक दल टूरिस्ट गाइड मुजफ्फर अहमद अंसारी के साथ चंदेरी के प्रसिद्ध शनिदेव मंदिर पहुंचा। विदेशी पर्यटकों ने मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना, दर्शन कर भगवान शनिदेव से विश्व की सुख-समृद्धि और विश्व शांति की कामना की।



मंदिर के पुजारी दिनेश व्यास ने विदेशी पर्यटकों को भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया तथा शनिदेव की पूजा-विधि और धार्मिक महत्व के बारे में जानकारी दी। पर्यटकों ने मंदिर की प्राचीनता, धार्मिक वातावरण और चंदेरी की ऐतिहासिक धरोहरों की सराहना की। उन्होंने बताया कि भारत की संस्कृति, आस्था और परंपराएं उन्हें बहुत आकर्षित करती हैं, इसलिए वे इन स्थलों को नजदीक से देखना चाहते थे। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने भी विदेशी मेहमानों का स्वागत किया। टूरिस्ट गाइड मुजफ्फर अहमद अंसारी द्वारा बताया गया कि 35 वर्ष से में टूरिस्ट गाइड का काम कर रहा हूं इस कलावधि में जैमेका से पहली बार विदेशी पर्यटक चंदेरीभ्रमण पर आए हैं जिन्होंने चंदेरी नगर की ऐतिहासिक धरोहरों को खूब सराहा है।

टेक्नोक्रेट्स प्लेसमेंट-डेः 161 प्रतिष्ठित कंपनियों में 3447 विद्यार्थियों के चयन की उपलब्धि

# प्लेसमेंट के लिए विशिष्ट योगदान पर डॉ. कविता बुरसे सम्मानित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** टेक्नोक्रेट्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित प्लेसमेंट-डे 2026 समारोह में विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा संस्थान की शैक्षणिक और प्लेसमेंट उपलब्धियों की सराहना की। समारोह के दौरान संस्थान की प्लेसमेंट एवं प्लानिंग डायरेक्टर डॉ. कविता बुरसे ने प्लेसमेंट रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यार्थियों को उत्कृष्ट रोजगार अवसर दिलाने में उनके विशिष्ट योगदान के लिए राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उन्हें 'आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन फॉर प्लेसमेंट' सम्मान से सम्मानित किया।



डॉ. कविता बुरसे ने बताया कि संस्थान उद्योग जगत के साथ निरंतर समन्वय स्थापित करते हुए विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण और मार्गदर्शन कार्यक्रम संचालित करता है। इसी प्रयास का परिणाम है कि वर्ष 2024-26 के दौरान 161 प्रतिष्ठित कंपनियों में कुल 3447 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जो संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर संस्थान की अध्यक्ष साधना करसौलिया, मुख्य संरक्षक डॉ. रामरज करसौलिया, संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्रवण बाधित पेशेवरों के लिए देश का पहला भौतिक मध्यस्थता प्रशिक्षण शुरू

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** न्याय तक समावेशी पहुंच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने श्रवण बाधित पेशेवरों और सांकेतिक भाषा इंटरप्रेटर्स के लिए देश का पहला भौतिक 40 घंटे का मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है।



पांच दिवसीय यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम इंदौर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति, नई दिल्ली के तत्वावधान में संचालित हो रहा है। यह पहल मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा के नेतृत्व तथा प्रशासनिक न्यायाधिपति एवं कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक रूसिया के मार्गदर्शन में शुरू की गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला, न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, इंदौर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति शुक्ला ने कहा कि मध्यस्थता न्याय की सबसे मानवीय और सहभागी प्रक्रिया है, जिसमें टकराव के बजाय संवाद और आपसी समझ के माध्यम से विवादों का समाधान किया जाता है। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था को लगातार विकसित करते हुए इसे समाज के हर वर्ग के लिए सुलभ बनाना आवश्यक है। श्रवण बाधित पेशेवरों और सांकेतिक भाषा इंटरप्रेटर्स को मध्यस्थता का प्रशिक्षण देना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव ने कहा कि मध्यस्थता का आधार सहानुभूति, संवाद और विश्वास है। यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों को विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए आवश्यक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन एमसीपीसी द्वारा नामित अनुभवी प्रशिक्षक अनुजा सक्सेना और रीमा भंडारी कर रही हैं। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को संवाद तकनीक, वार्ता कौशल, विवाद विश्लेषण, मध्यस्थ की नैतिकता और व्यावहारिक अभ्यासों की जानकारी दी जा रही है।

# मुख्यमंत्री आज होंगे नेपानगर में जनजातीय सम्मेलन में शामिल

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 मार्च रविवार को बुरहानपुर जिले के नेपानगर में विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 363 करोड़ 82 लाख रूपये के 127 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे।

नेपानगर में ''जनजातीय सम्मेलन एवं विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम'' में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत कार्यशाला भी आयोजित होगी। जनजातीय बाहुल्य नेपानगर में जनजातीय समुदाय की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव संवाद भी करेंगे।

जनजातीय सम्मेलन में कृषि, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा, आजीविका मिशन, वन विभाग की ''विकास प्रदर्शनी'' भी रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित करेंगे।